Adda247 | GET IT ON Google Play

# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
## ०५/२०२४ - एनटीपीसी स्नातक स्तर - CEN - 05/2024 - NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 06/06/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB NTPC Graduate Level I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC Graduate Level I**

**Q.1** प्रतिहारों के प्रसिद्ध शासक मिहिर भोज ने कौन-सी उपाधि धारण की थी?

**Ans**
✗ 1. परमेश्वर
✓ 2. आदिवराह
✗ 3. आदित्यवर्धन
✗ 4. विक्रमादित्य

**Q.2** XC 14 एक निश्चित तरीके से VG 1 से संबंधित है। उसी तरह RD 18, PH 5 से संबंधित है। समान तर्क का पालन करते हुए, UP 4 दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

**Ans**
✗ 1. VR -7
✓ 2. ST -9
✗ 3. NE -9
✗ 4. NR -7

**Q.3** साधारण ब्याज पर कोई धनराशि 4 वर्षों में किस ब्याज दर (प्रतिशत में) से स्वयं की दोगुनी हो जाएगी?

**Ans**
✗ 1. 50%
✗ 2. 27%
✗ 3. 23%
✓ 4. 25%

**Q.4** एक विक्रेता ने ₹1 में 5 चॉकलेट बेचीं, जिससे उसे 20% का लाभ हुआ। उसने ₹1 में कितनी चॉकलेट खरीदी थी?

**Ans**
✗ 1. 8
✓ 2. 6
✗ 3. 10
✗ 4. 12

**Q.5** जब 20, 34, 11 और 16 में से प्रत्येक में x जोड़ा जाता है, तो इस क्रम में प्राप्त संख्याएँ समानुपात में होती हैं। तो, यदि 3x : y :: y : (2x-6), और y > 0 है, तो y का मान कितना होगा?

**Ans**
✗ 1. 10
✗ 2. 2
✓ 3. 18
✗ 4. 29

# Test Prime

***ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION***

**70,000+** Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

**600+** Exam Covered

Previous Year Papers

**500%** Refund

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.6** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✗ 1. EI - DH
- ✗ 2. RV - QU
- ✓ 3. XZ - TL
- ✗ 4. NR - MQ

**Q.7** यदि △ ABC ~ △ XYZ, AB = 6 cm, XY = 8 cm, YZ = 12 cm और ZX = 16 cm है, तो △ ABC का परिमाप ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 34 cm
- ✗ 2. 24 cm
- ✓ 3. 27 cm
- ✗ 4. 32 cm

**Q.8** झारखंड के अधिकारियों ने ___________ के अंदर स्थित पहले गांव जयगीर को सफलतापूर्वक पूरी तरह से इसके मुख्य क्षेत्र से बाहर स्थानांतरित कर दिया है।

**Ans**
- ✓ 1. पलामू टाइगर रिजर्व
- ✗ 2. दुधवा टाइगर रिजर्व
- ✗ 3. अमनगढ़ टाइगर रिजर्व
- ✗ 4. जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान

**Q.9** आधुनिक CPU में, एक साथ कई निर्देशों को निष्पादित करने के लिए किस तकनीक का उपयोग किया जाता है?

**Ans**
- ✓ 1. पाइपलाइनिंग (Pipelining)
- ✗ 2. सीरियल प्रोसेसिंग (Serial Processing)
- ✗ 3. क्लॉक सिंक्रनाइज़ेशन (Clock Synchronization)
- ✗ 4. सीक्रेंसियल एक्जीक्यूशन (Sequential Execution)

**Q.10** निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या, 71 से विभाज्य है?

**Ans**
- ✗ 1. 5603
- ✗ 2. 6121
- ✓ 3. 5609
- ✗ 4. 6010

**Q.11** श्रम ब्यूरो द्वारा आयोजित छठे वार्षिक रोजगार-बेरोजगारी सर्वेक्षण में भारत में पुरुषों की श्रम बल भागीदारी दर कितनी बताई गई?

**Ans**
- ✗ 1. 70.1%
- ✗ 2. 80.2%
- ✗ 3. 85.4%
- ✓ 4. 76.4%

**Q.12** ग्लोबल डेट रिपोर्ट 2025 के अनुसार, 2024 में OECD देशों में घरेलू सॉवरेन बॉन्ड की केंद्रीय बैंक होल्डिंग्स का हिस्सा कितना होगा?

**Ans**
- ✗ 1. 35%
- ✗ 2. 42%
- ✓ 3. 19%
- ✗ 4. 25%

**Q.13** सितंबर 2024 में, यूनिफ़ॉर्म कोड ऑफ़ फ़ार्मास्युटिकल मार्केटिंग प्रैक्टिसेस (UCPMP) 2024 ने अपने दिशानिर्देशों को निम्नलिखित में से किस क्षेत्र तक बढ़ाया?

Ans
- ✔ 1. चिकित्सा उपकरण निर्माताओं
- ✘ 2. आयुर्वेदिक दवाइयाँ
- ✘ 3. पशु चिकित्सा दवाइयाँ
- ✘ 4. ऑनलाइन स्वास्थ्य परामर्शों

**Q.14** भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के तहत मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन के लिए रिट जारी करने की शक्ति सर्वोच्च न्यायालय में निहित है?

Ans
- ✘ 1. अनुच्छेद 143
- ✘ 2. अनुच्छेद 131
- ✔ 3. अनुच्छेद 32
- ✘ 4. अनुच्छेद 136

**Q.15** एमिली हेनरी (Emily Henry) के उस उपन्यास जिसमें दो प्रतिद्वंद्वी लेखक एक कुख्यात उत्तराधिकारिणी की जीवनी लिखने के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं, का नाम क्या है?

Ans
- ✔ 1. ग्रेट बिग ब्यूटीफुल लाइफ
- ✘ 2. फनी स्टोरी
- ✘ 3. हैप्पी प्लेस
- ✘ 4. बुक लवर्स

**Q.16** $\frac{8x^3 + 27y^3 - 64z^3 + 72xyz}{4x^2 + 9y^2 + 16z^2 - 6xy + 12yz + 8zx}$ को सरल कीजिए।

Ans
- ✘ 1. $(2x + 3y + 4z)$
- ✘ 2. $(2x - 3y + 4z)$
- ✔ 3. $(2x + 3y - 4z)$
- ✘ 4. $(2x - 3y - 4z)$

**Q.17** निम्नलिखित में से कौन-सा संकेतक, जनसंख्या में व्यक्तियों के बीच आय के वितरण में असमानता को दर्शाता है?

Ans
- ✘ 1. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (Consumer Price Index)
- ✔ 2. लोरेंज वक्र (Lorenz Curve)
- ✘ 3. पराश्रितता अनुपात (Dependency Ratio)
- ✘ 4. श्रम बल भागीदारी दर (Labour Force Participation Rate)

**Q.18** सात बॉक्स, A, B, C, D, E, F और G, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। C को F के ठीक ऊपर रखा गया है। G को B के ठीक ऊपर रखा गया है। केवल E को D के ऊपर रखा गया है। C के ऊपर केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। G को नीचे से तीसरे स्थान पर नहीं रखा गया है। G के ऊपर कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
- ✔ 1. 5
- ✘ 2. 3
- ✘ 3. 2
- ✘ 4. 4

**Q.19** लोक अदालत की कार्यवाही ______ होती है।

Ans
- ✔ 1. समन्व्यात्मक (conciliatory)
- ✘ 2. तत्परतापरक (inquisitorial)
- ✘ 3. विरोधात्मक (adversarial)
- ✘ 4. अन्वेषणात्मक (investigative)

Adda247

**Q.20** ऊर्जा की SI मात्रक क्या है?

**Ans**
1. केल्विन
2. न्यूटन
3. जूल ✔
4. वाट

**Q.21** यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

43 + 15 ÷ 2 – 12 × 4 = ?

**Ans**
1. 18
2. 22
3. 16 ✔
4. 24

**Q.22** निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा, # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए जिससे कि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न और संबंध के समान हो जाए?

# : EKN :: RVN : %

**Ans**
1. # = CML, % = PZT
2. # = DMK, % = SZQ
3. # = CIK, % = PYR
4. # = DHL, % = SYP ✔

**Q.23** सूरज अपनी कक्षा में शीर्ष से 18वें स्थान पर तथा नीचे से 67वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

**Ans**
1. 85
2. 82
3. 84 ✔
4. 83

**Q.24** 'इक होर अश्वत्थामा' पुस्तक के लिए डोगरी साहित्य हेतु साहित्य अकादमी पुरस्कार 2024 से किसे सम्मानित किया गया?

**Ans**
1. वेद राही
2. पद्मा सचदेव
3. चमन अरोड़ा ✔
4. मोहन सिंह

**Q.25** यदि दो संख्याओं का अनुपात 17 : 7 है तथा उनके ल.स.प. (LCM) और म.स.प. (HCF) का गुणनफल 119 है, तो ल.स.प. (LCM) तथा म.स.प. (HCF) के व्युत्क्रमों का योगफल कितना होगा?

**Ans**
1. $\frac{120}{161}$
2. $\frac{120}{119}$ ✔
3. $\frac{120}{137}$
4. $\frac{120}{139}$

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.26 20 m गहरी और 36 m चौड़ी एक नदी 2.7 km/hr की दर से प्रवाहित हो रही है। प्रति मिनट समुद्र में प्रवाहित होनी वाली जल की मात्रा ($m^3$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 30,240
2. 34,200
3. 32,400 ✔
4. 30,024

Q.27 $4x^3 - 8x^2 - 13x + 19 = 0$ के सभी मूलों का योग और गुणनफल ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $2, \frac{-19}{4}$ ✔
2. $4, \frac{-19}{2}$
3. $3, \frac{-17}{2}$
4. $1, \frac{-17}{4}$

Q.28 निम्नलिखित में से कौन-सा, भारत में सिंचाई में सबसे बड़ा योगदानकर्ता है?

Ans
1. वर्षा जल संग्रहण
2. अधोभूमि सिंचाई
3. टैंक
4. ट्यूबवेल और नहरें ✔

Q.29 मौर्योत्तर साम्राज्यों के दौरान एक आंतरिक व्यापार मार्ग, उत्तरापथ, ____________ जोड़ता था।

Ans
1. भारत के पश्चिमी और दक्षिणी भागों को
2. भारत के उत्तरी और पूर्वी भागों को उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र से ✔
3. भारत के उत्तरी और दक्षिणी भागों को उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र से
4. भारत के दक्षिणी और पूर्वी भागों को

Q.30 निम्नलिखित में से कौन-से अक्षर-समूह # और % के स्थान पर आने चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म का पैटर्न और संबंध :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : AIP :: MRV : %

Ans
1. # = IOT, % = WFN
2. # = QUX, % = ELR
3. # = ELR, % = QUX
4. # = WFN, % = QUX ✔

Q.31 एमएस एक्सेल (MS Excel) वर्कबुक को सेव करने के लिए किस कीबोर्ड शॉर्टकट का उपयोग किया जाता है?

Ans
1. Ctrl + S ✔
2. Ctrl + P
3. Ctrl + O
4. Ctrl + N

Q.32 दिए गए विकल्पों में से वह संख्या चुनिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।
89 103 94 108 99 113 104 ?

Ans
1. 98
2. 95
3. 118 ✔
4. 123

Q.33 यदि $\cot\theta = \frac{3}{4}$ है, तो $\sin 3\theta$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $\frac{117}{125}$
2. $-\frac{117}{125}$
3. $\frac{44}{125}$ ✔
4. $\frac{81}{125}$

Q.34 एक पाइप किसी टैंक को 9 मिनट में भर सकता है जबकि दूसरा पाइप पूरी तरह से भरे टैंक को 90 मिनट में खाली कर सकता है। यदि खाली टैंक पर दोनों पाइपों को एक साथ खोल दिया जाए, तो टैंक को पूरी तरह से भरने में कितना समय (मिनट में) लगेगा?

Ans
1. 11
2. 12
3. 10 ✔
4. 13

Q.35 X अपने व्यय की योजना बनाता है जिसमें वेतन का 30% घर के किराए के लिए; 25% भोजन के लिए; 15% चिकित्सा व्यय के लिए और 16% अन्य के लिए निर्धारित करता है। यदि वह हर महीने ₹42,000 की बचत कर सकता है, तो उसका मासिक वेतन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 3,30,000
2. 3,00,000 ✔
3. 3,50,000
4. 4,20,000

Q.36 एक निश्चित कूट भाषा में, 'flag dance best' को 'xk tc kz' के रूप में और 'mile flag wine' को 'tc di gv' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में 'flag' को किसमें कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
1. kz
2. di
3. xk
4. tc ✔

Q.37 वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय के लिए बजट आवंटन कितना था?

Ans
1. ₹1,75,000 करोड़
2. ₹1,59,964 करोड़ ✔
3. ₹1,29,000 करोड़
4. ₹1,50,000 करोड़

Q.38 पोलिगर्स ने किस प्रेसीडेंसी में अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह किया, जब अंग्रेजों ने उनके सैन्य और भूमि अधिकारों को छीनने का प्रयास किया था?

Ans
1. आगरा प्रेसीडेंसी
2. बॉम्बे प्रेसीडेंसी
3. मद्रास प्रेसीडेंसी ✔
4. बंगाल प्रेसीडेंसी

Adda247

Q.39 35 km की दूरी तय करते समय, एक व्यक्ति ने देखा कि 4 घंटे 15 मिनट तक साइकिल चलाने के बाद, उसके द्वारा तय की गई दूरी, शेष दूरी की $\frac{4}{3}$ थी। उसकी चाल (km/hr में, दशमलव के एक स्थान तक पूर्णांकित) कितनी थी?

Ans
1. 7.9
2. 4.7
3. 5.1
4. 8.4

Q.40 50 लीटर पेट्रोल को एक खाली स्टोरेज टैंक में डालने के बाद भी यह 10% खाली था। स्टोरेज टैंक को भरने के लिए इसमें कितना पेट्रोल (लीटर में, दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) डालना होगा?

Ans
1. 54.56
2. 56.56
3. 51.33
4. 55.56

Q.41 आकड़ों का बहुलक और माध्यिका क्रमशः 36.3 और 62 हैं। आकड़ों का माध्य कितना है? (आनुभविक सूत्र का उपयोग करें)

Ans
1. 68.95
2. 76.15
3. 79.75
4. 74.85

Q.42 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

602 600 696 690 682 ?

Ans
1. 668
2. 671
3. 670
4. 672

Q.43 एक कक्षा के 30 विद्यार्थियों ने एक परीक्षा दी। 12 विद्यार्थियों का औसत स्कोर 60 है, और बाकी विद्यार्थियों का भी स्कोर 60 है। कक्षा का औसत स्कोर कितना है?

Ans
1. 61
2. 58
3. 60
4. 59

Q.44 भारत की कोन्याक जनजाति मुख्य रूप से भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में पाई जाती है?

Ans
1. उत्तर प्रदेश और बिहार
2. अरुणाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश
3. नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश
4. नागालैंड और सिक्किम

Q.45 A, B, C, D, G, H और I, एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A के बाएं से गिनने पर, D और A के बीच केवल दो लोग बैठे हैं। G के बाएं तीसरे स्थान पर H बैठा है। G के ठीक दाएं पड़ोस में I बैठा है। D के बाएं दूसरे स्थान पर I बैठा है। B, H का निकटतम पड़ोसी नहीं है। C के दाएं तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
1. H
2. D
3. A
4. I

Adda247

Q.46 अप्रैल 2025 में, नीति आयोग ने "ऑटोमोटिव उद्योग - वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में भारत की भागीदारी को सशक्त बनाना" शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

Ans
✔ 1. वैश्विक ऑटोमोटिव मूल्य श्रृंखलाओं में भारत की भूमिका बढ़ाने के लिए रणनीति प्रस्तावित करना
✘ 2. भारत के ऑटोमोटिव क्षेत्र के पर्यावरणीय प्रभाव का आकलन करना
✘ 3. भारत की ऑटोमोटिव नीतियों की पड़ोसी देशों की नीतियों से तुलना करना
✘ 4. पिछले दशक में भारत के ऑटोमोटिव निर्यात प्रदर्शन का विश्लेषण करना

Q.47 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

JAY : MDB
PAN : SDQ

Ans
✘ 1. KUT : HRW
✘ 2. RIC : ULZ
✔ 3. UPC : XSF
✘ 4. HEN : KHJ

Q.48 $72 \div \left[\frac{4}{2} \times \{9 + 2 - (4 + 7 - (1 + 8))\}\right]$ को सरल कीजिए।

Ans
✘ 1. −1
✘ 2. −4
✔ 3. 4
✘ 4. 12

Q.49 गौरव ने क्रमशः पहला पेन ₹444 और दूसरा पेन ₹356 में खरीदा। वह पहला पेन 75% लाभ पर बेचता है लेकिन खरीदार कीमत के लिए मोल-भाव करता है, और उसे उस पर 14% छूट देनी पड़ी और उसने दूसरा पेन 48% के लाभ पर बेचा। इस पूरे सौदे में उसे कुल कितना लाभ (दो दशमलव स्थानों तक सही) हुआ?

Ans
✔ 1. ₹395.10
✘ 2. ₹399.02
✘ 3. ₹394.67
✘ 4. ₹396.11

Q.50 उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे 81 विद्यार्थियों की एक रेखा में, सीमा दाएं छोर से 12वें स्थान पर है। यदि मंजू, सीमा के बाएं से 9वें स्थान पर है, तो रेखा के बाएं छोर से मंजू का स्थान क्या है?

Ans
✘ 1. 47वां
✘ 2. 52वां
✘ 3. 38वां
✔ 4. 61वां

Q.51 $CH_3COONa$ की उपस्थिति में $CH_3COOH$ की विलेयता ___________ के कारण कम हो जाती है।

Ans
✘ 1. तापमान में वृद्धि
✘ 2. ऑक्सीकरण
✔ 3. सम आयन प्रभाव
✘ 4. आयन युग्मन

Q.52 दिए गए कथनों और निष्कर्षों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।

कथन:
सभी योद्धा, राजनीतिज्ञ हैं।
सभी नेता, शूरवीर हैं।
कुछ शूरवीर, योद्धा हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ योद्धा, नेता हैं।
(II) कुछ राजनीतिज्ञ, शूरवीर हैं।

Ans
- ✗ 1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✗ 2. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✓ 3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ 4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Q.53 निम्नलिखित में से कौन-सा उपन्यास क़ुर्रतुलऐन हैदर द्वारा 1959 में लिखा गया था और यह भारत के विभाजन पर अपनी गहन अंतर्दृष्टि के लिए प्रसिद्ध है?

Ans
- ✓ 1. आग का दरिया
- ✗ 2. ट्रेन टू पाकिस्तान
- ✗ 3. पिंजर
- ✗ 4. उर्वशी

Q.54 P, Q, R, S, T, U और V एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। Q और V दोनों S के निकटतम पड़ोसी हैं। V, T के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। R, T के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। U, V का निकटतम पड़ोसी नहीं है। S के दाएं से गिनने पर S और U के बीच कितने लोग बैठे हैं?

Ans
- ✓ 1. 4
- ✗ 2. 1
- ✗ 3. 2
- ✗ 4. 3

Q.55 प्रवीणेश, बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 12 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, और 7 km ड्राइव करता है, वह फिर दाएं मुड़ता है और 14 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 10 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार दाएं मुड़ता है, और 2 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे छोटी दूरी) तक और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✗ 1. 2 km, पूर्व की ओर
- ✗ 2. 4 km, पूर्व की ओर
- ✓ 3. 3 km, पश्चिम की ओर
- ✗ 4. 3 km, पूर्व की ओर

Q.56 पाइप A एक टैंक को 9 मिनट में भर सकता है, जबकि पाइप B संपूर्ण भरे टैंक को 10 मिनट में खाली कर सकता है। शुरू में, पाइप A को खोला जाता है और 3 मिनट के बाद पाइप B को भी खोल दिया जाता है। कितने समय (मिनट में) में शेष टैंक पूरी तरह से भर जाएगा?

Ans
- ✗ 1. 47
- ✗ 2. 61
- ✗ 3. 73
- ✓ 4. 60

Q.57 काजी सिंह और भीमा नायक जैसे भील लीडरों के नेतृत्व में भील विद्रोह किस वर्ष शुरू हुआ?

Ans
- ✗ 1. 1803
- ✗ 2. 1845
- ✗ 3. 1868
- ✓ 4. 1818

**Q.58** पुस्तक 'पावर विदिन: द लीडरशिप लेगेसी ऑफ नरेंद्र मोदी (Power within: The leadership legacy of Narendra Modi)' निम्नलिखित में से किसने लिखी है?

**Ans**
1. डॉ. एस जयशंकर
2. डॉ. ऐश्वर्या पंडित
3. डॉ. आर बालासुब्रमण्यम ✔
4. डॉ. केएस चौहान

**Q.59** कीबोर्ड का कौन-सा शॉर्टकट विंडोज OS में किसी फ़ाइल को रीसायकल बिन में भेजे बिना उसे स्थायी रूप से डिलीट कर देता है?

**Ans**
1. Shift + Delete ✔
2. Ctrl + D
3. Alt + Delete
4. Delete

**Q.60** उत्तरी मैदान का कौन-सा क्षेत्र पुराने जलोढ़ से बना है?

**Ans**
1. भाबर
2. भांगर ✔
3. खादर
4. तराई

**Q.61** 'अभिधम्म पिटक' निम्नलिखित में से किस क्षेत्र का गहन अन्वेषण करता है?

**Ans**
1. जानवरों की कहानियों
2. लोक कथाओं
3. राजनीतिक इतिहास
4. आचार, मानसिक परिघटनाओं और मनोवैज्ञानिक अंतर्दृष्टि ✔

**Q.62** ₹9,900 की धनराशि को 20% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज पर निवेश किया जाए, जबकि ब्याज अर्धवार्षिक रूप से संयोजित होता है, तो 1 वर्ष बाद मिश्रधन कितना प्राप्त होगा?

**Ans**
1. ₹11,307
2. ₹11,979 ✔
3. ₹12,495
4. ₹12,940

**Q.63** निम्नलिखित में से कौन-सा एलिमेंट, यदि खराब तरीके से क्रियान्वित किया जाए, तो सुस्पष्ट-रीसर्च किए गए एमएस पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन की विश्वसनीयता और प्रभाव को संभवतः सर्वाधिक रूप से प्रभावहीन कर देता है?

**Ans**
1. रेफरेंस के लिए स्पीकर नोट्स का समावेश
2. स्लाइड मास्टर्स और टेम्प्लेट का असंगत उपयोग ✔
3. स्लाइडों के बीच ट्रांजीशन इफैक्ट्स का चयन
4. वीडियो जैसे मल्टीमीडिया एलिमेंट का एम्बेडिंग

**Q.64** फरवरी 2025 में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधान सचिव-2 के रूप में किसे नियुक्त किया गया?

**Ans**
1. राजीव गौबा
2. शक्तिकांत दास ✔
3. मनीष सिंघल
4. अजय कुमार

Adda247

**Q.65** एमएस पावरपॉइंट (MS PowerPoint) में, स्लाइड में टेक्स्ट कैसे एड किया जाता है?

Ans
1. ट्रांजीशन (Transition) टैब का उपयोग करके
2. इमेज को स्लाइड पर ड्रैग करके
3. Ctrl + T दबाकर
4. टेक्स्ट प्लेसहोल्डर के अंदर क्लिक और टाइप करना शुरू करके

**Q.66** ड्रोन इंडस्ट्री कॉन्क्लेव 2025 में चर्चा किए गए मीडियम एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस (MALE) ड्रोन का नाम क्या है?

Ans
1. निसार (NISAR)
2. रुस्तम (RUSTOM)
3. वरुण (VARUNA)
4. तपस (TAPAS)

**Q.67** निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए। सभी संख्याएँ एक-अंकीय संख्याएँ हैं।

(बाएं) @ 5 4 £ 8 & © £ * 2 5 9 $ 6 £ 4 * 8 $ 4 % * (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद में भी एक संख्या है?

Ans
1. 6
2. 4
3. 7
4. 5

**Q.68** भारत के केंद्र शासित प्रदेशों में नगर निगमों की स्थापना कैसे की जाती है?

Ans
1. राज्य विधानमंडल द्वारा
2. संसद के अधिनियम द्वारा
3. नगरपालिका आयुक्त द्वारा
4. जनमत द्वारा

**Q.69** ऐमीनो अम्ल में कौन-से प्रकार्यात्मक समूह सीधे पेप्टाइड आबंध बनाने में शामिल होते हैं?

Ans
1. कार्बोक्सिल और ऐमीनो समूह
2. कार्बोनिल और फॉस्फेट समूह
3. मेथिल और ऐसीटिल समूह
4. हाइड्रॉक्सिल और सल्फाइड्रिल समूह

**Q.70** एक निश्चित कूट भाषा में, 'LIPS' को '4628' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'PURE' को '3567' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'P' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. 2
2. 6
3. 7
4. 3

Adda247

Q.71 यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंकों वाली पाँच संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 412 366 307 241 667 (दाएं)

(उदाहरण: 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी हैं)

यदि सबसे बड़ी संख्या के पहले अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक से घटाया जाए, तो परिणाम क्या होगा?

Ans
1. −2
2. −5 ✔
3. −4
4. −6

Q.72 यदि '–' का अर्थ '÷' है, '÷' का अर्थ '×' है, '×' का अर्थ '+' है तथा '+' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

9 ÷ 12 × 450 + 8208 − 18 = ?

Ans
1. 425
2. 100
3. 101
4. 102 ✔

Q.73 एक निश्चित कूट भाषा में, 'PICK' को '4628' के रूप में और 'COST' को '3567' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'C' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. 7
2. 6 ✔
3. 3
4. 2

Q.74 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. TQN
2. WTQ
3. KIE ✔
4. URO

Q.75 अप्रैल 2025 में, निम्नलिखित में से कौन-सा फुटबॉल खिलाड़ी, क्लब और देश सहित 900 पेशेवर करियर गोल तक पहुंचने वाला पहला खिलाड़ी बन जाएगा?

Ans
1. रॉबर्ट लेवानडॉस्की (Robert Lewandowski)
2. किलियन म्बाप्पे (Kylian Mbappé)
3. लियोनेल मेसी (Lionel Messi)
4. क्रिस्टियानो रोनाल्डो (Cristiano Ronaldo) ✔

Q.76 भारतीय राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में, पूर्णकालिक कार्मिकों की कुल संख्या कितनी होती है?

Ans
1. अध्यक्ष और पांच सदस्य ✔
2. अध्यक्ष और सात सदस्य
3. अध्यक्ष और तीन सदस्य
4. अध्यक्ष और चार सदस्य

Q.77 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएँ एकल-अंकीय संख्याएँ हैं।

(बाएं) 4 @ 7 4 £ 9 9 # @ 1 4 $ % 4 3 8 2 © © 1 5 # (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनमें से प्रत्येक ठीक पहले एक संख्या तथा ठीक बाद भी एक संख्या है?

Ans
1. 2 ✔
2. 1 ✘
3. 3 ✘
4. 4 ✘

Q.78 श्रम ब्यूरो द्वारा आयोजित छठे वार्षिक रोजगार-बेरोजगारी सर्वेक्षण के अनुसार, भारत में श्रम बल में किस आयु वर्ग की भागीदारी सबसे अधिक थी?

Ans
1. 18-24 ✘
2. 30 वर्ष और उससे अधिक ✘
3. 25-29 ✔
4. 15-18 ✘

Q.79 एक समूह में 6 व्यक्तियों की आयु (वर्ष में) 25, 30, 35, 40, 45 और 50 है। उनकी आयु का मानक विचलन (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 6.57 ✘
2. 8.54 ✔
3. 7.38 ✘
4. 9.26 ✘

Q.80 15 वर्ष बाद एक पुत्र की आयु और उसके पिता की वर्तमान आयु का अनुपात 2 : 3 है। 5 वर्ष पहले, पिता की आयु, पुत्र की आयु का 4 गुना थी। पिता और पुत्र की वर्तमान आयु (वर्ष में) क्रमशः ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 45; 15 ✔
2. 40; 10 ✘
3. 32; 8 ✘
4. 50; 20 ✘

Q.81 यदि संख्या 415796 में प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बायीं ओर से पांचवें तथा दायीं ओर से पहले अंकों का योग क्या होगा?

Ans
1. 12 ✘
2. 14 ✘
3. 10 ✘
4. 16 ✔

Q.82 मार्च 2025 में, भारतीय संसद ने आव्रजन और विदेशी विधेयक, 2025 पारित किया। इस कानून द्वारा निम्नलिखित में से किस अधिनियम को विशेष रूप से निरस्त किया गया?

Ans
1. राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 ✘
2. उत्प्रवास अधिनियम, 1983 ✘
3. नागरिकता अधिनियम, 1955 ✘
4. विदेशी अधिनियम, 1946 ✔

Q.83 △ABC में, D पर BD ⊥ AC है तथा ∠DBC = 22° है। E, BC पर एक बिंदु इस प्रकार है कि ∠CAE = 36° है। ∠AEB की माप कितनी है?

Ans
1. 104° ✔
2. 102° ✘
3. 103° ✘
4. 101° ✘

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.84 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A − B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'M + N − O × P ÷ Q' है, तो M का Q से क्या संबंध है?

Ans
✗ 1. पिता की बहन
✗ 2. पिता की माता
✓ 3. माता की माता
✗ 4. माता की बहन

Q.85 m का वह मान ज्ञात कीजिए जो $\left(\frac{11}{10}\right)^7 \times \left(\frac{10}{11}\right)^{10} \times \left(\frac{11}{10}\right)^9 = \left(\frac{10}{11}\right)^{3m+17}$ को संतुष्ट करता हो।

Ans
✓ 1. $-\frac{23}{3}$
✗ 2. $-\frac{29}{3}$
✗ 3. $-\frac{19}{3}$
✗ 4. $-\frac{15}{3}$

Q.86 भारत के पूर्वी तटीय मैदानों को किस प्रकार के तट के रूप में सर्वोत्तम रूप से वर्णित किया जाता है?

Ans
✓ 1. उद्गामी तट (Emergent coast)
✗ 2. चट्टानी तट (Rocky coast)
✗ 3. जलमग्न तट (Submerged coast)
✗ 4. वलित तट (Folded coast)

Q.87 एक बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल उसके सम्पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल का आधा है। यदि ऊँचाई 128 cm है, तो त्रिज्या (cm में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 128
✗ 2. 122
✗ 3. 137
✗ 4. 138

Q.88 एक वस्तु ₹8,100 में खरीदी गई। इसकी कीमत 40% अधिक अंकित की गई। इसके बाद इसे अंकित मूल्य पर 15% की छूट पर बेचा गया। इस सौदे पर प्रतिशत लाभ कितना था?

Ans
✗ 1. 20%
✓ 2. 19%
✗ 3. 17%
✗ 4. 18%

**Q.89** 4 एक निश्चित तर्क के अनुसार 10 से संबंधित है। 34 उसी तर्क के अनुसार 40 से संबंधित है। समान तर्क के अनुसार, 66 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करना अनुमत नहीं है।)

**Ans**
- ✔ 1. 72
- ✘ 2. 74
- ✘ 3. 68
- ✘ 4. 70

**Q.90** 1905 में अंग्रेजों द्वारा शुरू किया गया बंगाल विभाजन आधिकारिक तौर पर किस वर्ष रद्द कर दिया गया था?

**Ans**
- ✘ 1. 1910
- ✘ 2. 1909
- ✘ 3. 1916
- ✔ 4. 1911

**Q.91** यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

8 ÷ 7 + 56 × 14 − 2 = ?

**Ans**
- ✔ 1. 54
- ✘ 2. 52
- ✘ 3. 58
- ✘ 4. 56

**Q.92** मनोज बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और पश्चिम की ओर 13 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 2 km ड्राइव करता है, फिर दाएं मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है। वह अंत में दाएं मुड़ता है और 6 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर पुनः पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए (सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो)?

**Ans**
- ✘ 1. 9 km; दक्षिण
- ✘ 2. 5 km; दक्षिण
- ✘ 3. 6 km; दक्षिण
- ✔ 4. 7 km; दक्षिण

**Q.93** शीतकाल में पश्चिमी जेट धाराओं का क्या महत्व है?

**Ans**
- ✘ 1. तमिलनाडु में वर्षा को प्रभावित करना
- ✘ 2. पूर्वी घाटों पर बर्फबारी लाना
- ✔ 3. भारत में पश्चिमी विक्षोभ को दिशा प्रदान करना
- ✘ 4. मानसून के पीछे हटने का कारण बनना

**Q.94** निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

GIM 8, HJN 11, IKO 14, JLP 17, ?

**Ans**
- ✔ 1. KMQ 20
- ✘ 2. TUY 21
- ✘ 3. UYZ 21
- ✘ 4. UVY 20

| | | |
|---|---|---|
| Q.95 | यदि x और 368 के बीच माध्यानुपात 276 है, तो x का मान कितना होगा है? | |
| Ans | ✗ 1. 208<br>✗ 2. 205<br>✗ 3. 209<br>✓ 4. 207 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.96 | 2295 m की वृत्तीय दौड़ में, सिद्धार्थ 85 सेकंड में एक चक्कर पूरा करता है और यश 45 सेकंड में एक चक्कर पूरा करता है। यदि वे विपरीत दिशाओं में दौड़ रहे हैं, तो परिधि पर वे कितने अलग-अलग बिंदुओं पर मिलेंगे? | |
| Ans | ✗ 1. 36<br>✗ 2. 33<br>✓ 3. 26<br>✗ 4. 20 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.97 | 308, 127, 90, 45, 125 और 103 का औसत ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✗ 1. 135<br>✗ 2. 130<br>✗ 3. 132<br>✓ 4. 133 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.98 | यदि 9.8 : 14.7 :: 15 : x, तो x का मान ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✗ 1. 23.2<br>✓ 2. 22.5<br>✗ 3. 19.9<br>✗ 4. 21.7 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.99 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>KIO LJP MKQ NLR ? | |
| Ans | ✗ 1. OMR<br>✓ 2. OMS<br>✗ 3. ONS<br>✗ 4. ONR | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.100 | भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद, नागरिकों को भारतीय क्षेत्र के किसी भी भूभाग में निवास करने और बसने की अनुमति देता है? | |
| Ans | ✓ 1. अनुच्छेद 19<br>✗ 2. अनुच्छेद 18<br>✗ 3. अनुच्छेद 15<br>✗ 4. अनुच्छेद 22 | |

Adda247